'मिसेज' की स्क्रीनिंग के लिए ऑस्ट्रेलिया जायेगी सान्या

बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा इन दिनों अपनी फिल्म 'मिसेज' को लेकर चर्चा में है। अपनी कई फिल्मों से वे लोगों के दिलों में खास जगह बनाने में कामयाब रही हैं। एक्टिंग के अलावा वे डांस के लिए भी काफी मशहूर हैं। यही नहीं, अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपने फनी वीडियोज को लेकर भी काफी पॉपुलर हैं। अब सान्या अपनी फिल्म 'मिसेज' के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएंगी। बता दें कि अभिनेत्री की 'फिल्म' मिसेज का मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल 2024 में प्रीमियर होगा। इस फिल्म का निर्माण ज्योति देशपांडे, पम्मी बावेजा और हरमन बावेजा ने किया है। बता दें कि अभिनेत्री सान्या ने मिसेज के लिए न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता था। यही नहीं, उन्होंने इस फिल्म के लिए आईएफएफएम 2024 में बेस्ट एक्ट्रेस नॉमिनेशन भी हासिल किया। निर्देशक आरती कदव ने कहा, आईएफएफएम एक लोकप्रिय मंच है। हम यहां 'मिसेज' का प्रीमियर करने के लिए काफी एक्साइटेड। यह फिल्म एक महिला के जीवन की सामाजिक परेशानियों को पर्दे पर जीवंत तरीके से दिखाती है। आईएफएफएम फिल्म के लिए एक ऐसा मंच साबित होगा, जिससे इस फिल्म का संदेश ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचेगा।